# 1 भारत का भौगोलिक परिचय

## भारत का नामांकन

- वैदिक आर्यों के निवास स्थान होने के कारण इस देश को 'ब्रह्मावर्त' अथवा 'आर्यावर्त' कहा गया।
- पांच जनों में से शक्तिशाली जन 'भरत' के नाम पर इस देश का नाम 'भारत वर्ष' पड़ा।
- वायु पुराण के एक अन्य संदर्भ में दुष्यन्त के पुत्र 'भरत' का उल्लेख है, जिसके नाम पर इस भू–भाग को 'भारत' कहा गया।
- बौद्धकाल में इस क्षेत्र को 'जम्बू द्वीप' की संज्ञा से अभिहित किया गया।
- भारत के पर्याय के रूप में प्रयुक्त 'इण्डिया' (India) शब्द की व्युत्पत्ति यूनानी शब्द इण्डोई (Indoi) से मानी जाती है।
- रोमवासी सिंधु नदी को 'इण्डस' एवं उसके पूर्व स्थित 'भू–भाग' को 'इण्डिया' संज्ञा से अभिहित करते थे।
- पारसियों (ईरानियों) ने सिन्धु नदी को 'हिन्दू' एवं इस प्रदेश को सर्वप्रथम 'हिन्दुस्तान' नाम से संबोधित किया।
- 'भारतीय उपमहाद्वीप' के भौगोलिक विस्तार में भारत के अलावा पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका एवं मालदीव जैसे प्रभुत्व–सम्पन्न देश शामिल हैं।
  (भू–राजनीति संदर्भ में ''भारतीय उपमहाद्वीप'' की सटीक परिभाषा कुछ हद तक विवादित है क्योंकि विश्व स्तर पर स्वीकृत परिभाषा नहीं है, कुछ विद्वानों ने श्रीलंका एवं मालदीव को अलग रखा है।)
- अफगानिस्तान को सम्मिलित करते हुए आज यह समस्त भू भाग 'दक्षिण एशिया' के नाम से जाना जाता है।




# अक्षांश एवं देशांतर

अक्षांश एवं देशांतर रेखाएँ पृथ्वी पर खींची गयी वास्तविक रेखाएँ नहीं होती हैं वरन् ये दोनों ही रेखाएँ ग्लोब पर खींची गई काल्पनिक रेखाएँ होती हैं।

## ➢ अक्षांश :–


- भूमध्य रेखा के उत्तर या दक्षिण धरातल पर दिए गए किसी बिंदु से तथा पृथ्वी के केंद्र के बीच कोणिय कोण के माप दूरी को अक्षांश कहते हैं। समान्यतः अक्षांशों को मिलाने वाली रेखा को अक्षांश रेखा कहते हैं। सामान्य भाषा में ग्लोब या मानचित्र पर पश्चिम से पूर्व की ओर विषुवत रेखा के समानान्तर खींची गयी रेखा या वृत्त को अक्षांश रेखा कहते हैं।
- **भूमध्य रेखा** : यह पृथ्वी को दो बराबर भागों में बांटती है। यह 0° की अक्षांश रेखा है, अतः अन्य अक्षांश रेखाओं की गणना भूमध्य रेखा के संदर्भ में ही की जाती है। भूमध्यरेखा के उत्तर तथा दक्षिण में क्रमश 90° उत्तर तक तथा 90° दक्षिण तक अक्षांश खींची जा सकती है। जो अक्षांश रेखाएं भूमध्य रेखा के उत्तर में है उन्हें 'उत्तरी अक्षांश रेखाएं' जो अक्षांश रेखाएं भूमध्य रेखा के दक्षिण में हैं उन्हें 'दक्षिणी अक्षांश रेखा' कहते हैं। भूमध्य रेखा सभी अक्षांशों से लंबी है इसलिए इसे ''वृहत वृत्त अथवा महान वृत्त'' कहते हैं।अन्य सभी अक्षांश रेखाओं की लंबाई भूमध्य रेखा की लंबाई से कम होती है इसलिए इन्हें लघु वृत्त भी कहते हैं। भूमध्य रेखा पर वर्ष में दो बार 22 मार्च और 23 सितंबर को सूर्य सीधी चमकती है, तब दिन और रात बराबर होते हैं।




- वास्तव में भूमध्य रेखा से ध्रुव की ओर जाने पर अक्षांश रेखाओं की लंबाई निरंतर कम होते जाती है। भूमध्य रेखा की लंबाई लगभग 40 हजार किलोमीटर है जबकि ध्रुव एक बिंदु मात्र है और उसकी लंबाई शून्य है।
  - ✓ उत्तरी गोलार्द्ध में कुल अक्षांश : 90
  - ✓ दक्षिणी गोलार्द्ध में कुल अक्षांश : 90
  - ✓ भूमध्य रेखा(विषुवत वृत्त) : 1
  - ✓ पृथ्वी में कुल अक्षांश : 181
  - ✓ पृथ्वी में कुल अक्षांशीय रेखाएं : 179

  (क्योंकि दोनों ध्रुव बिंदु मात्र हैं और उनकी लंबाई शून्य है।)
- **कटिबंध** : दो अक्षांश रेखाओं के बीच के क्षेत्र को कटिबंध कहते हैं। प्रत्येक अक्षांशीय रेखाएं, जो कि एक–दूसरे के समानांतर हैं, के मध्य 111 कि.मी. का अन्तर होता है।
- पृथ्वी के $23\frac{1}{2}^{0}$ में झुके होने के कारण ही पृथ्वी में सूर्य की लंबवत् किरणें आभासी रूप से उत्तर से दक्षिण तक अपना परिपथ परिवर्तित करते हैं। जिसे उत्तरायण व दक्षिणायण के रूप में जाना जाता है।
- **कर्क रेखा** : उत्तरी गोलार्द्ध में विषुवत रेखा के समानान्तर 23°30′ की रेखा या वृत्त को कर्क रेखा कहते हैं। कर्क रेखा पृथ्वी के सबसे उत्तरी अक्षांश रेखा है जिस पर सूर्य दोपहर के समय लम्बवत रूप से चमकता है। प्रत्येक वर्ष 21 जून को जब सूर्य इस रेखा के एकदम ऊपर होता है तब उत्तरी गोलार्द्ध में दिन सबसे लंबे एवं रातें सबसे छोटी होती हैं।
- **मकर रेखा** : दक्षिणी गोलार्ध में विषुवत रेखा के समानान्तर 23°30′ की रेखा या वृत्त को मकर रेखा कहते हैं। मकर रेखा पृथ्वी के सबसे दक्षिणी अक्षांश रेखा है जिस पर सूर्य दोपहर के समय लम्बवत रूप से चमकता है। प्रत्येक वर्ष 22 दिसंबर को जब सूर्य इस रेखा के एकदम ऊपर होता है तब दक्षिणी गोलार्द्ध में दिन सबसे लंबे एवं रातें सबसे छोटी होती है।

## ➢ देशान्तर :–




- ग्लोब पर उत्तर से दक्षिण दोनों भूगोलीय ध्रुवों (उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव) के बीच खींची हुई काल्पनिक मध्याह्न रेखाओं को देशांतर कहा जाता है । जो मध्याह्न रेखा जिस बिंदु या स्थान से गुजरती है उसका कोणीय मान उस स्थान का देशांतर होता है। सभी देशांतर रेखाएं अर्ध–वृत्ताकार होती हैं। ये समांनातर नहीं होती हैं बल्कि उत्तरी व दक्षिणी ध्रुवों पर अभिसरित होकर मिल जाती हैं। प्रत्येक गोलाकार वस्तु 360° की होती है इसलिए पृथ्वी को भी 360° में विभाजित किया गया है। देशान्तर रेखाएं एक डिग्री के अन्तराल पर खींची गयी हैं अतः कुल देशान्तर रेखाओं की संख्या 360 हैं।

- अक्षांश रेखाएँ रेखा न होकर बल्कि एक वृत्त हैं जो कि पृथ्वी को चारों तरफ से घेरती हैं, जबकि देशान्तर रेखाएँ वृत्त न होकर बल्कि रेखाएँ हैं जो एक ध्रुव से शुरू होकर दूसरे ध्रुव पर समाप्त हो जाती हैं। विषुवत रेखा पर दो देशान्तर रेखाओं के मध्य सर्वाधिक दूरी होती है।
- **ग्रिड (Grid)** : दो देशांतर रेखाओं के बीच के क्षेत्र को ग्रिड कहते है। जैसे–जैसे हम ध्रुवों की ओर बढ़ते जाते हैं, दो देशान्तर रेखाओं के मध्य की दूरी कम होती जाती है। विषुवतरेखा पर दो देशान्तर रेखाओं के मध्य की दूरी 111.11 कि.मी. होती है।
- **ग्रीनविच मीनटाईम (GMT)** : ग्रीनविच, जहाँ ब्रिटिश राजकीय वेधशाला स्थित है, से गुजरने वाली याम्योत्तर को प्रमुख याम्योत्तर (Prime Mediterranean) कहते हैं। इसका मान 0° देशांतर है तथा यहाँ से हम 180° पूर्व या पश्चिम तक गणना करते हैं। प्रधान याम्योत्तर तथा 180° याम्योत्तर मिलकर पृथ्वी को दो समान भागों, पूर्वी गोलार्द्ध एवं पश्चिमी गोलार्द्ध में विभक्त करती है।
- **अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा (IDL)** : $0^0$ देशान्तर रेखा के ठीक पीछे $180^0$ देशान्तर रेखा को $180^0$ पूर्वी तथा पश्चिमी देशान्तर रेखा कहा जाता है। अर्थात् $180^0$ पूर्वी और पश्चिमी देशान्तर रेखा अलग–अलग न होकर बल्कि यह एक ही रेखा होती हैं। $180^0$ देशान्तर रेखा को अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा कहा जाता है।


## भारत की अवस्थिति एवं विस्तार

- भारत अक्षांशीय दृष्टि से उत्तरी गोलार्द्ध का देश है तथा देशान्तरीय दृष्टि से पूर्वी गोलार्द्ध में मध्यवर्ती स्थिति रखता है।
- सम्पूर्ण भारत अर्थात् द्वीपों सहित भारत का अक्षांशीय विस्तार 6°45′ से 37°6′ उत्तरी अक्षांश और देशान्तरीय विस्तार 68°7′ से 97°25′ पूर्वी देशान्तर के मध्य है। इसकी मुख्य भूमि का अक्षांशीय विस्तार 8°4′ से 37°6′ उत्तरी अक्षांश के मध्य है। अर्थात भारत का विस्तार उष्ण एवं उपोष्ण दोनों कटिबंधों में है।
- भारत की आकृति चतुष्कोणीय है। यह दक्षिणी एशिया के मध्य में स्थित है। इसके पूर्व में इण्डोचीन प्रायद्वीप व पश्चिम में अरब प्रायद्वीप स्थित है। इसका उत्तर–दक्षिण विस्तार 3214 किमी. तथा पूर्व–पश्चिम की चौड़ाई 2933 किमी. है। दोनों के बीच अन्तर मात्र 281 किमी. है। इसका क्षेत्रफल 32,87,263 वर्ग किमी. है।

| भारत की चतुर्दिक अंतिम सीमा बिंदु | | |
|---|---|---|
| उत्तरतम् बिन्दु | इन्दिरा कॉल (लद्दाख) | 37°6′ उत्तरी अक्षांश |
| दक्षिणतम् बिन्दु | इन्दिरा प्वाइंट (ग्रेट निकोबार द्वीप) | 6°4′ उत्तरी अक्षांश |
| पूर्वोत्तम् बिन्दु | किबिथु (अरूणाचल प्रदेश) | 97°25′ पूर्वी देशान्तर |
| पश्चिमोत्तम् बिन्दु | गौर मोता (गुजरात) | 68°7′ पूर्वी देशान्तर |
| मुख्य भूमि की दक्षिणी सीमा | कन्याकुमारी (तमिलनाडु) | 8°4′ उत्तरी अक्षांश |

- **कर्क रेखा :**
  - ✓ उष्ण कटिबंध क्षेत्र का विस्तार $23^030'$ उत्तरी एवं दक्षिणी अक्षांशों के मध्य होता है। $23^030'$ उत्तरी अक्षांश की रेखा जिसे कि कर्क रेखा कहा जाता है, भारत के मध्य से होकर गुजरती है।
  - ✓ यह रेखा भारत के कुल आठ राज्यों गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, पं. बंगाल, त्रिपुरा और मिजोरम से होकर गुजरती है।
- **भारतीय मानक समय रेखा (IST) :**
  - ✓ पृथ्वी अपने अक्ष पर $360^0$ घूर्णन करने में कुल 24 घंटे का समय लगाती है, अतः पृथ्वी को एक डिग्री घूमने में 4 मिनट का समय लगता है। अर्थात् सूर्य की किरणों को प्रत्येक देशान्तर को पार करने में 4 मिनट का समय लगता है। इस प्रकार किबिथु (अरूणाचल प्रदेश) से गौर मोता (गुजरात) के मध्य सूर्योदय में लगभग 2 घंटे का अंतर होता है।
  - ✓ 82°30′ पूर्वी देशान्तर को भारत का मानक देशान्तर चुना गया है, जो हमें भारत का मानक समय प्रदान करता है। मानक देशान्तर चुनने का कारण यह है कि विश्व के देशों में आपसी समझौते के अन्तर्गत मानक देशान्तर $7^030'$ देशान्तर के गुणांक पर चुना जाता है ताकि $7^030'$ देशांतरीय दूरी पर स्थित स्थानों के बीच आधे घण्टे (30 मिनट) का समयान्तर हो।

- ✓ पृथ्वी अपने अक्ष पर पश्चिम से पूर्व की दिशा में घूमती है इसलिए सूर्योदय सबसे पहले पूर्व दिशा में होता है। भारतीय मानक समय ग्रीनविच माध्य (GMT) समय से 5 घंटे 30 मिनट आगे है क्योंकि भारत GMT से पूर्व दिशा की ओर है।
- ✓ IST = GMT + 5:30 ($\because 1^0 \rightarrow$ 4 मिनट, $\therefore 82^0 30' \rightarrow$ 5:30 घंटे)
- ✓ 82°30′ पूर्वी देशान्तर का भारतीय मानक समय देशान्तर रेखा प्रयागराज के नैनी से होकर गुजरती हुई भारत के पाँच राज्यों– उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओड़िशा एवं आन्ध्र प्रदेश से होकर जाती है।



| कर्क रेखा के निकटतम स्थित शहर | | |
|---|---|---|
| शहर | राज्य | उ. अक्षांश स्थिति |
| भोपाल | मध्यप्रदेश | 23°25' |
| जबलपुर | मध्यप्रदेश | 23°11' |
| राँची | झारखण्ड | 23°11' |
| गाँधीनगर | गुजरात | 23°13' |
| आइजोल | मिजोरम | 23°36' |
| अगरतला | त्रिपुरा | 23°50' |
| कोलकाता | पं. बंगाल | 22°33' |
| रायपुर | छत्तीसगढ़ | 21°16' |

| भारतीय मानक समय के निकटतम स्थित शहर | | |
|---|---|---|
| शहर | राज्य | पू.देशांतर स्थिति |
| रीवा | मध्यप्रदेश | 81.19° |
| सागर | मध्यप्रदेश | 78.50° |
| उज्जैन | मध्यप्रदेश | 75.43° |
| होशंगाबाद | मध्यप्रदेश | 77.45° |
| बिलासपुर | छत्तीसगढ़ | 82.14° |
| भोपाल | मध्यप्रदेश | 77.30° |
| लखनऊ | उत्तरप्रदेश | 81° |
| रायपुर | छत्तीसगढ़ | 81.65° |
| दुर्ग | छत्तीसगढ़ | 81.28° |

## भारत के पड़ोसी देश

भारत हिमालय पर्वत एवं हिंदमहासागर के मध्य स्थित है अतः इसकी स्थलीय एवं जलीय सीमाएं साथ ही साथ अरब सागर व हिंदमहासागर में स्थित द्विप समूह विभिन्न देशों के साथ सीमा रेखा साझा करते हैं, जो इस प्रकार हैं :–

➢ **स्थलीय सीमाएँ :–**

- भारत की स्थलीय सीमाओं की लंबाई 15,200 किमी. है। भारत के उत्तर–पश्चिम में पाकिस्तान तथा अफगानिस्तान, उत्तर में चीन, नेपाल तथा भूटान और पूर्व में म्यांमार तथा बांग्लादेश हैं। भारत की सबसे लम्बी अंतर्राष्ट्रीय सीमा बांग्लादेश के साथ तथा सबसे छोटी सीमा अफगानिस्तान के साथ है।

| अंतर्राष्ट्रीय सीमा की लम्बाई और संबद्ध राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र. | देश | लम्बाई (किमी.) | सीमा रेखा | सीमा से संबद्ध भारतीय राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश |
| 1 | बांग्लादेश | 4,096.7 | रेडक्लिफ रेखा/ परिचालन शून्य रेखा | **5** (पश्चिम बंगाल, असोम, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम) |
| 2 | चीन | 3,488 | LAC / मैकमोहन रेखा | **5** (लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, सिक्किम, अरूणाचल प्रदेश) |
| 3 | पाकिस्तान | 3,323 | रेडक्लिफ रेखा | **5** (गुजरात, राजस्थान, पंजाब, जम्मू–कश्मीर, लद्दाख) |
| 4 | नेपाल | 1,751 | – | **5** (उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम) |
| 5 | म्यांमार | 1,643 | इण्डो–बर्मा बैरियर | **4** (अरूणाचल प्रदेश, नागालैण्ड, मणिपुर, मिजोरम) |
| 6 | भूटान | 699 | – | **4** (सिक्किम, पश्चिम बंगाल, असोम, अरूणाचल प्रदेश) |
| 7 | अफगानिस्तान | 106 | डूरण्ड रेखा (1896) | **1** (लद्दाख) |
| | कुल | 15,106.7 | | **नोट** : सामान्यतः स्थलीय सीमा 15200 मानी जाती है। |


भारत
राजनैतिक मानचित्र/नक्शा
ताजिकिस्तान
अफ़ग़ानिस्तान
पाकिस्तान
चीन (तिब्बत)
नेपाल
भूटान
बांग्लादेश
म्यांमार (बर्मा)
श्री लंका
लद्दाख
लेह
श्रीनगर
जम्मू और कश्मीर
जम्मू
हिमाचल प्रदेश
शिमला
पंजाब
चंडीगढ़
देहरादून
उत्तराखण्ड
हरियाणा
दिल्ली
नई दिल्ली
उत्तर प्रदेश
लखनऊ
जयपुर
राजस्थान
सिक्किम
गंगटोक
अरुणाचल प्रदेश
इटानगर
दिसपुर
असम
नागालैण्ड
कोहिमा
मेघालय
शिलॉंग
मणिपुर
इम्फाल
बिहार
पटना
झारखंड
रांची
पश्चिम बंगाल
कोलकाता
अगरतला
त्रिपुरा
आइजोल
मिजोरम
गाँधीनगर
गुजरात
भोपाल
मध्य प्रदेश
छत्तीसगढ़
रायपुर
ओडिशा
भुबनेश्वर
दमन और दीव
दमन
सिलवासा
दादरा और नगर हवेली
मुम्बई
महाराष्ट्र
तेलंगाना
हैदराबाद
यानम (पुदुच्चेरी)
अमरावती
बंगाल की खाड़ी
अरब सागर
पणजी
गोवा
कर्नाटक
आंध्र प्रदेश
बेंगलुरु
चेन्नई
पुदुच्चेरी
माहे (पुदुच्चेरी)
लक्षद्वीप (भारत)
कवरत्ती
तमिलनाडु
कराईकल (पुदुच्चेरी)
केरल
तिरुवनंतपुरम
पाक जलसन्धि
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (भारत)
पोर्ट ब्लेअर
अंतरराष्ट्रीय सीमा
राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश की सीमा
देश की राजधानी
राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश की राजधानी
Map not to Scale
हिन्द महासागर
Copyright © 2020 www.mapsofindia.com

| 3 देशों की सीमा को स्पर्श करने वाले राज्य/UT | | |
|---|---|---|
| क्र. | राज्य/संघ शासित क्षेत्र | देश |
| 1 | लद्दाख | पाकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन |
| 2 | अरूणाचल प्रदेश | भूटान, चीन, म्यांमार |
| 3 | पश्चिमी बंगाल | बांग्लादेश, नेपाल, भूटान |
| 4 | सिक्किम | नेपाल, चीन, भूटान |

| 2 देशों की सीमा को स्पर्श करने वाले राज्य | | |
|---|---|---|
| क्र. | राज्य | देश |
| 1 | मिजोरम | बांग्लादेश, म्यांमार |
| 2 | असम | बांग्लादेश, भूटान |
| 3 | उत्तराखण्ड | चीन, नेपाल |

- भारत - पाकिस्तान सीमा का निर्धारण ब्रिटिश अधिकारी सिरिल रेडक्लिफ के द्वारा बनाए गए रेडक्लिफ पंचाट (1947) द्वारा किया गया, अतः पाकिस्तान एवं बांग्लादेश के साथ सीमा रेखा रेडक्लिफ रेखा कहलाती है। यह सीमा रेखा पूर्णतः अध्यारोपित (Superimposed) अर्थात मानवकृत रेखा है।
- भारत - चीन सीमा प्राकृतिक सीमा है। युद्ध विराम के लिए एक काल्पनिक रेखा वास्तविक नियंत्रण रेखा (Line of Actual Control) खींची गई है, परन्तु यह विवादित है। भारत - चीन पूर्वी सीमा (अरूणाचल प्रदेश - चीन) को शिमला समझौता (1913–14) के तहत् ब्रिटिश प्रतिनिधि हेनरी मैकमोहन के नाम पर मैकमोहन रेखा के नाम से जाना जाता है।
- भारत - म्यांमार के मध्य सीमा का निर्धारण 1826 के यांडबू संधि के आधार पर हुई थी, कालांतर में 1967 में द्विपक्षीय संधि के द्वारा इसका सही निर्धारण हुआ।
- भारत - अफगानिस्तान सीमा का निर्धारण स्वंतत्रता से पूर्व 1896 में ब्रिटिस अधिकारी मॉर्टिमर डुरंड द्वारा किया गया था, अतः वर्तमान में भारत - अफगानिस्तान तथा पाकिस्तान - अफगानिस्तान के मध्य सीमा को डुरंड रेखा की संज्ञा दी जाती है।

➢ **जलीय सीमाएँ :–**

- भारत के मुख्य भूमि की तटीय सीमा की लंबाई 6,100 किमी. है। द्वीपों समेत देश की कुल तटीय सीमा 7516.6 किमी. है। मुख्य भूमि की तटीय सीमा कुल 9 राज्य व 4 केन्द्र शासित प्रदेश को स्पर्श करती है।
- समुद्र पार भारत के 7 पड़ोसी देश हैं, जिनके नाम हैं :–
  1. पाकिस्तान 2. मालद्वीव 3. श्रीलंका 4. बांग्लादेश 5. म्यांमार 6. इण्डोनेशिया 7. थाईलैण्ड

| तटीय राज्य/UT एवं उनकी तटीय सीमाएँ | | | |
|---|---|---|---|
| क्र. | राज्य | तट रेखा (कि.मी.) | द्वीप की संख्या |
| 1 | अण्डमान निकोबार | 1962 | 836 |
| 2 | गुजरात | 1215 | 144 |
| 3 | आंध्र प्रदेश | 974 | 032 |
| 4 | तमिलनाडु | 907 | 28 |
| 5 | महाराष्ट्र | 653 | 124 |
| 6 | केरल | 570 | 07 |
| 7 | ओडिशा | 476 | 11 |
| 8 | कर्नाटक | 280 | 94 |
| 9 | पश्चिम बंगाल | 158 | 22 |
| 10 | लक्षद्वीप | 132 | 36 |
| 11 | गोवा | 151 | 43 |
| 12 | पुदुचेरी | 31 | – |
| 13 | दमन व दीव | 10 | 09 |
| **कुल** | | **7516.6** | **1382** |

| प्रमुख चैनल/जलडमरूमध्य | | |
|---|---|---|
| क्र. | विभाजित स्थल–खण्ड | खाड़ी/स्ट्रेट |
| 1 | मालद्वीव व मिनीकाय (भारत) | $8^0$ चैनल |
| 2 | लक्षद्वीप व मिनीकॉय | $9^0$ चैनल |
| 3 | छोटा अंडमान व कार निकोबार | $10^0$ चैनल |
| 4 | सुमात्रा (इंडोनेशिया) व निकोबार | महान (ग्रैंड) चैनल |
| 5 | तमिलनाडु व श्रीलंका | पाक स्ट्रेट |
| 6 | दक्षिण अंडमान व लघु अंडमान | डंकन पास |
| 7 | कोकोद्वीप (म्यांमार) व उत्तरी अंडमान | कोको स्ट्रेट |
| 8 | तमिलनाडु व श्रीलंका | पाक खाड़ी |
| 9 | द.पू. तमिलनाडु व श्रीलंका | मन्नार खाड़ी |
| 10 | लक्ष्यद्वीप व मालाबार तट | लक्षद्वीप सागर |

- भारत के साथ दोनों जलीय एवं स्थलीय सीमा बनाने वाले देश :–
  1. पाकिस्तान  2. बांग्लादेश  3. म्यांमार

- **भू-आवेष्ठित राज्य :**
  भारत के 9 राज्यों तथा 4 केंद्रशासित प्रदेशों की सीमाएँ समुद्री तटरेखा से लगी हैं, इनके अलावा बाकी सभी राज्य भू-आवेष्ठित हैं। इन भू-आवेष्ठित राज्यों में से 5 राज्य ऐसे हैं, जिनकी सीमाएँ अतंर्राष्ट्रीय सीमा से नहीं लगी हैं, इन राज्यों के नाम हैं :
  1. हरियाणा  2. मध्यप्रदेश  3. छत्तीसगढ़  4. झारखण्ड  5. तेलंगाना






- अन्तर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन की व्यवस्था के अनुसार भारत की जलीय सीमा को तीन भागों में वर्गीकृत किया गया है। मुख्य सीमा से इनकी दुरी का निर्धारण एक आधार रेखा से किया जाता है। आधार रेखा टेढ़े–मेढ़े तट को मिलाने वाली कल्पित सीधी रेखा है। स्थलीय भाग एवं आधार रेखा के मध्य स्थित सागरीय जल को आंतरिक जल (Internal Water) कहते हैं।

  **1. प्रादेशिक जल सीमा (Territorial Sea) :**
  - ✓ भारत की प्रादेशिक समुद्री सीमा या क्षेत्रीय सागर आधार रेखा से 12 समुद्री मील (Nautical Miles) की दूरी तक है। (1 समुद्री मील = 1.8 किमी.)
  - ✓ इस क्षेत्र के उपयोग का भारत को सम्पूर्ण अधिकार प्राप्त है।

  **2. संलग्न क्षेत्र (Contiguous Zone) :**
  - ✓ अविच्छिन्न मंडल या संलग्न क्षेत्र की दूरी आधार रेखा से 24 समुद्री मील तक है।
  - ✓ इस क्षेत्र में भारत को साफ–सफाई, सीमा शुल्क की वसूली और वित्तीय अधिकार प्राप्त है।

  **3. अनन्य आर्थिक क्षेत्र (Exclusive Economic Zone) :**
  - ✓ देश का अनन्य आर्थिक क्षेत्र आधार रेखा से 200 समुद्री मील तक है।
  - ✓ जिसमें भारत को वैज्ञानिक अनुसंधान व नये द्वीपों के निर्माण तथा प्राकृतिक संसाधनों के विदोहन की छूट मिली हुई है।
  - ✓ इसके बाद उच्च सागर (High Sea) का विस्तार है, जहाँ सभी राष्ट्रों को समान अधिकार है।



| भारत के राज्य एवं केन्द्रशासित प्रदेश | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र. | राज्य/केन्द शासित प्रदेश | क्षेत्रफल (वर्ग कि.मी.) | राजधानी | जनसंख्या (2011) |
| 1. | जम्मू और कश्मीर(UT) | 54624 | श्रीनगर (ग्रीष्म) + जम्मू (शीत) | 12258434 |
| 2. | लद्दाख | 168055 | लेह | 290492 |
| 3. | हिमाचल प्रदेश | 55,673 | शिमला (ग्रीष्म) + धर्मशाला (शीत) | 68,64,602 |
| 4. | पंजाब | 50,362 | चण्डीगढ़ | 2,77,43,338 |
| 5. | चंडीगढ़(UT) | 114 | चण्डीगढ़ | 10,55,450 |
| 6. | उत्तराखंड | 53483 | देहरादून (गैरसैंड प्रस्तावित) | 1,00,86,292 |
| 7. | हरियाणा | 44212 | चण्डीगढ़ | 2,53,51,462 |
| 8. | दिल्ली(UT) | 1483 | नई–दिल्ली | 1,67,87,941 |
| 9. | राजस्थान | 342,239 | जयपुर | 6,85,48,437 |
| 10. | उत्तर प्रदेश | 240,928 | लखनऊ | 19,98,12,341 |
| 11. | बिहार | 94,163 | पटना | 10,40,99,452 |
| 12. | सिक्किम | 7,096 | गंगटोक | 6,10,577 |
| 13. | अरूणाचल प्रदेश | 83,743 | ईटानगर | 13,83,727 |
| 14. | नागालैंड | 16,579 | कोहिमा | 19,78,502 |
| 15. | मणिपुर | 22,327 | इम्फाल | 25,70,390 |
| 16. | मिजोरम | 21,081 | आइजोल | 10,97,206 |
| 17. | त्रिपुरा | 10,486 | अगरतला | 36,73,917 |
| 18. | मेघालय | 22,429 | शिलांग | 29,66,889 |
| 19. | असोम | 78,438 | दिसपुर | 3,12,05,576 |
| 20 | बंगाल | 88,752 | कोलकाता | 9,12,76,115 |
| 21. | झारखण्ड | 79,716 | रांची | 3,29,88,134 |
| 22. | ओडिशा | 155,707 | भुवनेश्वर | 4,19,74,218 |
| 23. | छत्तीसगढ़ | 135,192 | रायपुर | 2,55,45,198 |
| 24. | मध्य प्रदेश | 308,252 | भोपाल | 7,26,26,809 |
| 25. | गुजरात | 196,244 | गाँधीनगर | 6,04,39,692 |
| 26. | दादर–नगर हवेली और दमन – द्वीव(UT) | 602 | दमन | 5,86,656 |
| 28. | महाराष्ट्र | 307,713 | मुम्बई | 11,23,74,333 |
| 29. | आंध्र प्रदेश | 162,968 | अमरावती | 8,45,80,777 |
| 30. | कर्नाटक | 191,791 | बंगलुरू | 6,10,95,297 |
| 31. | गोवा | 3,702 | पणजी | 14,58,545 |
| 32. | लक्षद्वीप(UT) | 32 | कवरत्ती | 64,473 |
| 33. | केरल | 38852 | तिरूवनन्तपुरम | 3,34,06,061 |
| 34. | तमिलनाडु | 130060 | चेन्नई | 7,21,47,030 |
| 35. | पुदुचेरी(UT) | 490 | पुदुचेरी | 12,47,953 |
| 36. | अ./नि. द्वीप समूह(UT) | 8249 | पोर्टब्लेयर | 3,80,581 |
| 37. | तेलंगाना | 112077 | हैदराबाद | 352,86757 |
| | **भारत** | **3,2872,63*** | | **1,21,08,54,977** |

* भारत का कुल क्षेत्रफल 3287263 वर्ग किमी. है। किन्तु 17 वीं वन रिपोर्ट - 2021 में भारत का कुल क्षेत्रफल 3287469 वर्ग किमी. दर्शाया गया है, जिसमें पाक एवं चीन अधिकृत LOC क्षेत्र भी सम्मिलित हैं।

| क्षेत्रफल की दृष्टि से शीर्ष पाँच राज्य | | |
|---|---|---|
| क्र. | राज्य | क्षेत्रफल वर्ग किमी. |
| 1 | राजस्थान | 342239 (10.41%) |
| 2 | मध्य प्रदेश | 308252 (9.37%) |
| 3 | महाराष्ट्र | 307713 (9.36%) |
| 4 | उत्तर प्रदेश | 240928 (7.33%) |
| 5 | गुजरात | 196244 (5.96%) |

| जनसंख्या की दृष्टि से शीर्ष पाँच राज्य | | |
|---|---|---|
| क्र. | राज्य | जनसंख्या (करोड़ में) |
| 1 | उत्तर प्रदेश | 19981 (16.51%) |
| 2 | महाराष्ट्र | 11237 (9.28%) |
| 3 | बिहार | 10458 (8.60%) |
| 4 | पश्चिम बंगाल | 9127 (7.54%) |
| 5 | आन्ध्र प्रदेश | 8458 (6.99%) |

| क्षेत्रफल की दृष्टि से अंतिम पाँच राज्य | | |
|---|---|---|
| क्र. | राज्य | क्षेत्रफल वर्ग किमी. |
| 28 | गोवा | 3702 (0.11%) |
| 27 | सिक्किम | 7096 (0.21%) |
| 26 | त्रिपुरा | 10486 (0.31%) |
| 25 | नागालैण्ड | 16579 (0.50%) |
| 24 | मिजोरम | 21081 (0.64%) |

| जनसंख्या की दृष्टि से अंतिम पाँच राज्य | | |
|---|---|---|
| क्र. | राज्य | जनसंख्या |
| 28 | सिक्किम | 610577 (0.05%) |
| 27 | मिजोरम | 1097206 (0.09%) |
| 26 | अरूणाचल प्रदेश | 1383727 (0.11%) |
| 25 | गोवा | 1458545 (0.13%) |
| 24 | नागालैण्ड | 1978502 (0.19%) |

| क्षेत्रफल की दृष्टि से केन्द्रशासित प्रदेश | | |
|---|---|---|
| क्र. | UT | क्षेत्रफल वर्ग किमी. |
| 1 | लद्दाख | 168055 |
| 2 | जम्मू एवं कश्मीर | 54624 |
| 3 | अण्डमान निकोबार | 8249 |
| 4 | दिल्ली | 1483 |
| 5 | दादर–नगर हवेली एवं दमन–दीव | 602 |
| 6 | पुदुचेरी | 490 |
| 7 | चंड़ीगढ़ | 114 |
| 8 | लक्ष्यद्वीप | 32 |

| जनसंख्या की दृष्टि से केन्द्रशासित प्रदेश | | |
|---|---|---|
| क्र. | UT | जनसंख्या |
| 1 | दिल्ली | 16787941 |
| 2 | जम्मू एवं कश्मीर | 12258434 |
| 3 | पुदुचेरी | 1247953 |
| 4 | चंड़ीगढ़ | 1055450 |
| 5 | दादर–नगर हवेली एवं दमन–दीव | 586956 |
| 6 | अण्डमान निकोबार | 380581 |
| 7 | लद्दाख | 290492 |
| 8 | लक्ष्यद्वीप | 64473 |

| 2011 साक्षरता की दृष्टि से | |
|---|---|
| राज्य सर्वाधिक | केरल (94.0%) |
| राज्य न्यूनतम | बिहार (61.80%) |
| केन्द्रशासित सर्वाधिक | लक्षद्वीप (91.80%) |
| केन्द्रशासित न्यूनतम | दादरा-नगरहवेली (76.20%) |

| 2011 जनघनत्व की दृष्टि से | |
|---|---|
| राज्य सर्वाधिक | बिहार (1106) |
| राज्य न्यूनतम | अरूणाचल प्रदेश (17) |
| केन्द्रशासित सर्वाधिक | दिल्ली (11320) |
| केन्द्रशासित न्यूनतम | अंडमान व निकोबार (46) |

| 2011 लिंगानुपात की दृष्टि से | |
|---|---|
| राज्य सर्वाधिक | केरल (1084) |
| राज्य न्यूनतम | हरियाणा (879) |
| केन्द्रशासित सर्वाधिक | पुदुचेरी (1037) |
| केन्द्रशासित न्यूनतम | दमन एवं दीव (618) |

| 2011 शिशु लिंगानुपात की दृष्टि से | |
|---|---|
| राज्य सर्वाधिक | अरूणाचल प्रदेश (972) |
| राज्य न्यूनतम | हरियाणा (834) |
| केन्द्रशासित सर्वाधिक | अंडमान व निकोबार (968) |
| केन्द्रशासित न्यूनतम | दिल्ली (871) |

## ➢ भारत के भौगोलिक अवस्थिति के महत्वपूर्ण बिन्दु :–

- भारत का कुल क्षेत्रफल लगभग 32,87,263 वर्ग किमी. है, जो कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग 2.4% है। भारत विश्व का सातवाँ सर्वाधिक बड़ा देश है। (क्रमशः रूस, कनाडा, चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्राजील व आस्ट्रेलिया )
- भारत की जनसंख्या लगभग 121 करोड़ (2011 के जनगणना के अनुसार) है, जो विश्व के कुल जनसंख्या का 17.5% है। जनसंख्या के आधार पर भारत का स्थान दूसरा है। (क्रमशः चीन, भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, इण्डोनेशिया व ब्राजील)
- भारत विभिन्न भौतिक स्वरूपों में बंटा हुआ है, पर्वत, पठार, मैदान, झीलें इत्यादि भारत के विस्तृत क्षेत्र में फैले हुए हैं। भारत के संपूर्ण क्षेत्रफल का 43% भू–भाग मैदानी, 27.7% भू–भाग पठारी, 18.6% भू–भाग पहाड़ी एवं 10.7% भू–भाग पर्वतीय है।
- भारत की आकृति लगभग चतुष्कोणीय है। इसका उत्तर–दक्षिण में अधिकतम विस्तार 3,214 किमी. तथा पूर्व–पश्चिम में अधिकतम विस्तार 2,933 किमी. है।
- भारत की मुख्य भूमि उत्तर में इंदिरा कॉल (लद्दाख) से लेकर दक्षिण में कन्याकुमारी/कुमारीद्वीप/केपकेमोरीन (तमिलनाडु) तक और पूर्व में किबिथु (अरुणाचल प्रदेश) से लेकर पश्चिम में गौरमोता (गुजरात) तक फैली हुई है। भारत की वास्तविक दक्षिणतम बिंदु अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में स्थित इंदिरा पॉइंट/पिगमेलियन पॉइंट/पारसन पॉइंट (ग्रेट निकोबार द्वीप) है।
- भारत के उत्तर–पश्चिम, उत्तर तथा उत्तर–पूर्वी सीमा पर नवीनतम मोड़दार पर्वतों का विस्तार पाया जाता है, जबकि दक्षिण में प्रायद्वीपीय क्षेत्र का विस्तार पाया जाता है। भारत का प्रायद्वीपीय भू–भाग उत्तर में अधिक चौड़ा तथा 22° उत्तरी अक्षांश से दक्षिण की ओर संकरा होता गया है। भारत के पूर्वी और पश्चिमी घाट 'नीलगिरि' में आकर मिलते हैं।
- हिमालय पर्वतमाला द्वारा भारतीय प्रायद्वीप की मुख्य भूमि को एशिया से अलग किया जाता है। भारत, पूर्व में बंगाल की खाड़ी, पश्चिम में अरब सागर और दक्षिण में हिंद महासागर से घिरा हुआ है।
- मानक समय रेखा एवं कर्क रेखा आपस में एक–दूसरे को छत्तीसगढ़ में काटती हैं।
- दमन एवं दीव के बीच खंभात की खाड़ी अवस्थित है।
- उत्तर–पूर्वी राज्यों – अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड एवं त्रिपुरा को 'सात बहनों' (Seven Sisters) की संज्ञा दी जाती है।
- भारत के राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में उत्तर प्रदेश एक मात्र राज्य है, जिसकी सीमा सर्वाधिक राज्यों से जुड़ी हुई है। उत्तर प्रदेश की सीमा कुल 8 राज्यों (उत्तराखंड, हिमांचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार) एवं 1 केंद्रशासित प्रदेश (दिल्ली) से जुड़ी हुई है, जिसमें सर्वाधिक सीमा 'मध्य प्रदेश से एवं सबसे कम सीमा 'हिमांचल प्रदेश' से संलग्न है।
- उत्तर प्रदेश का सोनभद्र देश का एकमात्र ऐसा जिला है जो चार राज्यों (छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, बिहार तथा झारखंड) की सीमा को स्पर्श करता है।
- केंद्रशासित प्रदेशों में पुदुचेरी एक ऐसा केंद्रशासित प्रदेश है जो तीन राज्यों में फैला हुआ है, जिसके अंतर्गत यनम (आंध्र प्रदेश), कराईकल (तमिलनाडु), माहे (केरल) तथा मूल पुदुचेरी (तमिलनाडु) को सम्मिलित किया जाता है।
- भारत के धनुषकोडी (पंबनद्वीप, तमिलनाडु) एवं श्रीलंका के तलाईमन्नार के मध्य 'आदम ब्रिज' स्थित है। आदम ब्रिज के उत्तर में भारत एवं श्रीलंका 'पाक जलसंधि' द्वारा तथा दक्षिण में मन्नार की खाड़ी से आपस में जुड़े हुए हैं। सेतुसमुद्रम परियोजना मन्नार की खाड़ी को पाक की खाड़ी से जोड़ती है।
- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) दिल्ली में हरियाणा, उत्तरप्रदेश एवं राजस्थान के जिले सम्मिलित हैं। वास्तव में राजस्थान की सीमा दिल्ली से नहीं लगती है, परंतु इसके दो जिले अलवर एवं भरतपुर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सम्मिलित है।
- भारत का औसत समुद्र तल का मापन चेन्नई से किया जाता है।
- भारत के शीर्ष पाँच भौगोलिक क्षेत्र वाले जिले हैं :– कच्छ > लेह > जैसलमेर > बीकानेर > बाड़मेड़
- भारत का क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे छोटा जिला माहे (पुदुचेरी) है।
- त्रिपुरा, भारत का एक ऐसा राज्य है, जो उत्तर, पश्चिम एवं दक्षिण अर्थात तीन ओर से बांग्लादेश से घिरा हुआ है, जबकि सिक्किम तीन ओर से अर्थात पश्चिम में नेपाल, उत्तर में चीन एवं पूर्व में भूटान से घिरा हुआ है।
- 2011 जनगणना के अनुसार सर्वाधिक शहरी जनसंख्या वाले राज्य हैं :– महाराष्ट्र > उत्तरप्रदेश > तमिलनाडु > पं. बंगाल
- 2011 जनगणना के अनुसार सर्वाधिक शहरी प्रतिशतता वाले राज्य हैं :– गोवा > मिजोरम > तमिलनाडु > केरल > महाराष्ट्र